# 3 घंटे में हार्ट, किडनी, लिवर झालावाड़ से जयपुर -जोधपुर पहुंचे

## पहली बार राजस्थान में ऑर्गन ट्रांसफर करने के लिये हेलीकॉप्टर का उपयोग हुआ

झालावाड़/जोधपुर/जयपुर, 15 दिसंबर। राजस्थान की चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं ने एक नया इतिहास रचा है। पहली बार ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल किया गया। तीन घंटे के भीतर झालावाड़ से जयपुर और जोधपुर में हार्ट, किडनी और लिवर पहुंचाए गए।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने झालावाड़ निवासी मृतक विष्णु के परिजनों को जीवनदान देने के इस कार्य के लिए आभार व्यक्त किया है। साथ ही राजे ने झालावाड़ के चिकित्सकों और प्रशासन की टीम को भी धन्यवाद दिया है, जिसने यह कार्य संभव कर दिखाया। उल्लेखनीय है कि 33 वर्षीय भानपुरा (झालावाड़) निवासी विष्णु एस.आर.जी. हॉस्पिटल में भर्ती थे। गत

- **भानपुरा (झालावाड़) निवासी मृतक विष्णु का हार्ट व किडनी जयपुर में दो मरीजों को तथा लिवर जोधपुर के मरीज को लगाया गया।**

13 दिसंबर को सिर की चोट के कारण विष्णु को डॉक्टरों ने ब्रेनडैड घोषित कर दिया था।

प्रशासन और मेडिकल टीम से प्रेरित होकर परिजन विष्णु के अंगों को दान करने के लिए तैयार हो गए। उसके बाद 13 और 14 दिसंबर को झालावाड़ मेडिकल कॉलेज में विष्णु के हार्ट, किडनी, लिवर और लंग्स निकाले गए। फिर 15 दिसंबर को सुबह साढ़े 10 बजे हेलीकॉप्टर से ये ऑर्गन जयपुर के एस.एम.एस. हॉस्पिटल पहुंचे। हार्ट और किडनी जयपुर में दो मरीजों को ट्रांसप्लांट किए गए। उसी हेलिकॉप्टर से दोपहर डेढ़ बजे जोधपुर एम्स में दो अंग पहुंचाए गए। जोधपुर में एक मरीज को लिवर ट्रांसप्लांट किया गया। अंगों को सुरक्षित और समय पर पहुंचाने के लिए हेलिकॉप्टर का उपयोग किया गया। जयपुर और जोधपुर में हेलिकॉप्टर की लैंडिंग अस्पताल से एक किलोमीटर के दायरे में की गई।

विष्णु के परिजनों ने कहा, हमारे बेटे की जिंदगी नहीं बच सकी, लेकिन उसके अंग दूसरों की जान बचाने के काम आए। चिकित्सकों ने कहा, यह कदम राज्य के लिए ऐतिहासिक है और भविष्य में ऐसे ट्रांसप्लांट को और तेज़ बनाएगा। यह पहली बार है जब राजस्थान में ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए हेलिकॉप्टर का उपयोग हुआ।

### राजस्थान में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

में शीत लहर का पूर्वानुमान जताया है। आईएमडी ने बताया कि आने वाले कुछ दिनों में राजस्थान, पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा और पंजाब में 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक शीत लहर चलने की संभावना है।आईएमडी के अनुसार, राजस्थान के अलग-अलग स्थानों पर न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस या उससे भी कम हो सकता है।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को डीग में पूंछरी का लौठा एवं गोवर्धन परिक्रमा विकास परियोजना के पहले ज़ोन का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा, यह विकास कार्य इस पावन धाम की आध्यात्मिक खूबसूरती में इज़ाफा करते हुए श्रद्धालुओं को सुविधाएं प्रदान करेगा।*

# मुख्यमंत्री ने गोवर्धन परिक्रमा विकास परियोजना का शिलान्यास किया

## भजनलाल ने कहा, परिक्रमा पथ की विकास परियोजना चार ज़ोन में बांटी गयी है

भरतपुर, 15 दिसम्बर। रविवार को डीग में पूंछरी का लौठा एवं गोवर्धन परिक्रमा विकास परियोजना के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में एक तरफ हमारे तीर्थों का विकास हो रहा है, वहीं दूसरी तरफ तेजी से बुनियादी ढांचे का निर्माण भी हो रहा है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पूंछरी का लौठा और गोवर्धन परिक्रमा का विकास कार्य इस पावन धाम की आध्यात्मिक खूबसूरती में इजाफा करते हुए श्रद्धालुओं को सुविधाएं प्रदान करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गिरिराज जी की परिक्रमा करने के लिए यहां देश-विदेश से हर साल करीब 2 करोड़ श्रद्धालु आते हैं। गिरिराज जी की परिक्रमा में 1.2 किलोमीटर का राजस्थान में पड़ने वाला हिस्सा परिक्रमा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसमें श्रीनाथजी, पूंछरी का लौठा आदि प्रमुख मंदिर और अप्सरा एवं नवल कुंड जैसे कई पवित्र स्थल हैं। उन्होंने कहा कि

- **मुख्यमंत्री ने कहा कि गिरिराज जी परिक्रमा के लिये हर वर्ष देश-विदेश से 2 करोड़ श्रद्धालु आते हैं। इस परिक्रमा का 1.2 किलोमीटर हिस्सा राजस्थान में पड़ता है।**

पूंछरी में शीघ्र ही पूरे देश और दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं को सभी सुविधाएं मिल सकेंगी। गिरिराज जी परिक्रमा पथ के विकास को चार ज़ोन में बांटकर विकसित करने की योजना बनाई है। आज पहले ज़ोन का शिलान्यास हुआ है जिसमें श्रीनाथ जी मंदिर, पूंछरी का लौठा मंदिर, दाऊजी का मंदिर, गंगा मंदिर, नरसिंह जी मंदिर, मुखारबिंद, अप्सरा कुंड एवं नवल कुंड, फाउंटेन, राधा वाटिका, बोटेनिकल गार्डन, लोटस पौंड, मयूर वाटिका, विष्णु अवतार गार्डन का विकास करवाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि दूसरे ज़ोन में भव्य प्रवेश एवं निकास द्वार, फूड जॉइंट एवं स्टॉल, भगवान श्री कृष्ण से संबंधित मूर्तियां, गैलरियों का निर्माण जैसे कार्य करवाए जाएंगे। परिक्रमा पथ के तीसरे ज़ोन में परिक्रमा मार्ग के बाहर एंट्री प्लाज़ा, कैनाल वाटरफ्रंट, पार्किंग, गोठ स्थल, भजन एवं कीर्तन स्थल, पौराणिक आर्ट गैलरी, गिरिराज जी म्यूज़ियम, सांस्कृतिक केंद्र, आध्यात्मिक केन्द्र, आर्ट विलेज आदि का विकास किया जाएगा। वहीं, चौथे जोन में बनने वाली 250 फुट ऊंची मूर्ति श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र होगी। इस परियोजना में वित्त पोषण और अटूट समर्थन के लिए मुख्यमंत्री ने वेदांता समूह को धन्यवाद दिया।

मुख्यमंत्री ने पूंछरी का लौठा एवं गोवर्धन परिक्रमा विकास परियोजना पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य सरकार खाटूश्यामजी को भव्यता प्रदान करने के लिए 100 करोड़ रुपये राशि के कार्य करवा रही है। प्रदेश में दीपावली, होली, शिवरात्रि एवं रामनवमी जैसे त्योहारों पर लगभग 600 मंदिरों में विशेष साज-सज्जा व आरती के लिए बजट का प्रावधान किया गया है। कैलादेवी मंदिर (झील का बाडा) और गंगा मंदिर सहित प्रदेश में अनेक मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पूंछरी का लौठा में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का अवलोकन किया। वेदांता रिसोर्सेज़ लिमिटेड के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा कि गिरिराज जी के कण-कण में भगवान बसते हैं। इस दौरान जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, राज्य धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, विधायक डॉ. शैलेष सिंह, बहादुर सिंह कोली, नौक्षम चौधरी, डॉ. ऋतु बनावत सहित जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### 'पहले दिन ही ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

में हैं। सरकार ने 2000 रुपए की राशि प्रत्येक किसान के खाते में जमा करवाई है। महिलाओं के लिए हमारी सरकार ने महिला निधि बैंक द्वारा स्वयं सहायता समूहों को 100 करोड रुपए का ऋण उपलब्ध कराया है। 45 लाख स्वयं सहायता समूहों को राजसखी पोर्टल से जोड़ा गया है। 10 हजार इलेक्ट्रिक कुकिंग सिस्टम का वितरण भी किया गया है।

**सवाल** - भविष्य की क्या योजना है ?

**जवाब** - राजस्थान के युवा को रोजगार मिले। इसके लिए हमारी सरकार ने संकल्प लिया है। अगले चार साल में युवाओं को सरकारी और निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराना ही हमारा लक्ष्य होगा।

**सवाल**- उप चुनाव के नतीजों को किस तरह से लेते हैं ?

**जवाब** - जनता का हमें आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। हमारी पार्टी ने एकजुट होकर चुनाव लड़ा। हमारे काम को जनता ने स्वीकार किया। जनता ने विपक्ष के नकारात्मक प्रचार का जवाब दिया और हमें खुल कर काम करने का संदेश दिया।

### 'चुनाव परिणाम...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जल्द से जल्द जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल किया जाए। केंद्र सरकार ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर के स्पेशल स्टेटस को खत्म कर दिया था। इस दौरान इसे दो केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया गया था।

# सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद दो अधिकारी डल्लेवाल से मिले

## किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल 26 नवम्बर से अनशन कर रहे हैं

चंडीगढ़ , 15 दिसंबर। पंजाब के डी.जी.पी. ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के साथ रविवार, को अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से मुलाकात की। डीजीपी गौरव यादव और गृह मंत्रालय में निदेशक मयंक मिश्रा ने 26 नवंबर से पंजाब और हरियाणा के बीच खनौरी सीमा पर अनशन पर बैठे जगजीत सिंह डल्लेवाल से उनकी मांगों को सुना। बता दें कि ये मुलाकात सुप्रीम कोर्ट द्वारा केंद्र तथा पंजाब सरकार के प्रतिनिधियों को डल्लेवाल से तुरंत मुलाकात के लिए निर्देश देने के दो दिन बाद हुई है।

मुलाकात के बाद डी.जी.पी. गौरव यादव ने कहा, "हम डल्लेवाल के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेने आए थे।" उन्होंने कहा, "मेरे साथ भारत सरकार के प्रतिनिधि मयंक मिश्रा थे, जिन्हें विशेष रूप से यहां भेजा गया है।" मयंक मिश्रा ने कहा, "हमने उनकी मांगें भी सुनी हैं।" एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, "किसी तरह का कोई प्रस्ताव नहीं था। मैं यहां उनकी बात सुनने और सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अनुपालना करने के लिए आया हूं।"

- **पंजाब व डी.जी.पी. यादव तथा केन्द्रीय गृह मंत्रालय के निदेशक मयंक मिश्रा ने मुलाकात के बाद कहा, हम उनकी बात सुनने और सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अनुपालना करने यहाँ आये हैं।**

डीजीपी ने कहा, "हमने डल्लेवाल से अपील की है कि जिस तरह से वे शांतिपूर्ण आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं उसकी हर जगह सराहना हो रही है। सरकार ने भी इसका संज्ञान लिया है।"

डीजीपी ने कहा, "हम लगातार किसान नेताओं से बात कर रहे हैं और हमें उम्मीद है कि हम सकारात्मक नतीजे पर पहुंचेंगे।" एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार का रुख स्पष्ट है और वह किसानों की मांगों को जायज मानती है और इसका समर्थन भी करती है। उन्होंने कहा, "हमने कोशिश की है कि उन्हें सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। पंजाब सरकार का प्रयास है कि किसानों की मांगों को पूरा किया जाए।" यादव ने कहा कि डल्लेवाल के स्वास्थ्य पर लगातार नजर रखी जा रही है।

अधिकारियों और डल्लेवाल की मुलाकात के संबंध में किसान नेता अभिमन्यू कोहाड़ ने बताया कि डल्लेवाल ने अनशन खत्म करने के लिए इन्कार कर दिया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि उनकी चिंता करने के बजाय बातचीत करके किसानों की मांगों को हल करवाएं। सिर्फ यही तरीका है उनका आमरण अनशन खत्म करवाने का।

रविवार को पटियाला से सांसद डा. धर्मवीर गांधी और महिला पहलवान व कांग्रेस की विधायक विनेश फोगाट भी खनौरी बॉर्डर पर डल्लेवाल से मिलनेपहुंचे। उन्होंने भी केंद्र सरकार से किसानों की मांगों को जल्द हल करने की मांग की।

### भरतपुर व ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

के नए आयाम स्थापित होंगे तथा आमजन के लिए आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता के साथ ही चहुंमुखी विकास सुनिश्चित हो सकेगा।

उल्लेखनीय है कि 30 नवम्बर 2024 को मंत्रिमंडल की बैठक में भरतपुर एवं बीकानेर में विकास प्राधिकरण के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई थी। बीकानेर विकास प्राधिकरण में नगर विकास न्यास बीकानेर के वर्तमान क्षेत्र के अलावा नापासर व देशनोक तथा आस-पास के 185 गांव एवं भरतपुर विकास प्राधिकरण में नगर विकास न्यास भरतपुर के वर्तमान क्षेत्र के साथ-साथ 209 गांव शामिल किए जाएंगे।

### सेना ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

विस्तृत जानकारी का इंतजार है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने यहां अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास करीब आधा किलोग्राम उच्च श्रेणी का मादक पदार्थ ले जा रहे एक पाकिस्तानी ड्रोन को जब्त किया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन सीमा पार से भारत में घुसा था और शनिवार देर रात अरनिया सेक्टर में चिनाज सीमा चौकी क्षेत्र से इसे जब्त किया गया।

# अब विदेश नीति में आर्थिक कूटनीति पर जोर है- जयशंकर

नई दिल्ली, 15 दिसंबर। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि विदेश नीति में बदलाव को राजनीतिक हमले के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नरसिम्हा राव ने इन बदलावों की शुरुआत की थी, न कि नरेंद्र मोदी ने। जयशंकर ने विदेश नीति में बदलाव के चार प्रमुख कारण भी बताए। उन्होंने कहा कि भारत की वैश्विक भूमिका बढ़ रही है और दुनिया से गहरे जुड़ाव की जरूरत है। जयशंकर ने माना कि विदेश नीति में पुराने और नए का मिश्रण है। उन्होंने पिछले एक दशक में आर्थिक कूटनीति पर जोर देने की बात भी कही।

एस जयशंकर ने कहा कि चार बड़े कारण हैं जिनकी वजह से हमें खुद से पूछना चाहिए कि विदेश नीति में कौन से बदलाव जरूरी हैं।

एक कारण कई सालों तक हमारे पास नेहरू विकास मॉडल था। इस मॉडल से नेहरूवादी विदेश नीति बनी। यह सिर्फ हमारे देश में हो रही घटनाओं के बारे में नहीं था। 1940, 50, 60 और 70 के दशक का अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य द्विध्रुवी था। इसके बाद एकध्रुवीय परिदृश्य आया। दूसरा कारण- पिछले 25 सालों में हमने बहुत तेज वैश्वीकरण देखा है। तीसरा कारण- देशों के बीच एक मजबूत परस्पर निर्भरता देखी है। इसलिए, देशों के आपसी संबंध और व्यवहार भी बदल गए हैं।

- **विदेश मंत्री ने कहा, विदेश नीति में बदलाव की शुरुआत नरसिम्हा राव ने की थी।**
- **उन्होंने कहा, जब परिदृश्य बदल गये, विदेश नीति के उपकरण बदल गये, तो विदेश नीति वैसी ही कैसे रह सकती है।**

चौथा कारण - अगर हम तकनीक के प्रभाव को देखें, विदेश नीति पर तकनीक का प्रभाव, राष्ट्र की क्षमता पर तकनीक का प्रभाव और हमारे दैनिक जीवन पर तकनीक का प्रभाव, वह भी बदल गया है। इसलिए, अगर घरेलू मॉडल बदल गया है, परिदृश्य बदल गया है, राज्यों के व्यवहार के तरीके बदल गए हैं, और अगर विदेश नीति के उपकरण बदल गए हैं, तो विदेश नीति कैसे वही रह सकती है?

भारत की बदलती वैश्विक भूमिका के बारे में जयशंकर ने कहा, आज भारत एक ऐसा देश है जिससे बड़ी उम्मीदें हैं, एक ऐसा देश जिसकी जिम्मेदारियां ज्यादा हैं। भारत एक फर्स्ट रेस्पोंडर के तौर पर ज्यादा बार देखा जाएगा।

# बोकारो सड़क हादसे में 6 की मौत

बोकारो, 15 दिसंबर। बोकारो रामगढ़ एन.एच. 23 पर शुक्रवार रात को हुए भीषण सड़क हादसे में 6 लोगों की जान चली गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल में दो बच्चे और एक महिला भी शामिल है। यह हादसा बोकारो रामगढ़ एनएच 23 के कसमार थाना क्षेत्र के चटनियां रोड के पास हुआ। बताया जा रहा है कि फोरलेन सड़क निर्माण कार्य करने वाली हाइवा की टक्कर पहले ट्रैक्टर से हुई। टक्कर के बाद ट्रैक्टर का ड्राइवर दूर जाकर गिरा।

हाइवा, ट्रैक और ट्रैक्टर की टक्कर के बाद नेशनल हाईवे 23 पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम के दौरान सीमेंट लदा एक ट्रक चटनियां रोड पर खड़ा था। इसी दौरान तेज गति से आ रही बोकारो की ट्रैक्टर से टक्कर हो गई। बोलेरो में सवार आठ लोगो में से पांच लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि तीन गंभीर रूप से घायल गए। बोलेरो में सवार मृतक एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं।

# बसपा ने "एक देश एक चुनाव" विधेयक का समर्थन किया

## मायावती ने कहा, संविधान पर चर्चा में "हम से ज्यादा तुम दोषी" की संकीर्ण राजनीति हावी है

लखनऊ, 15 दिसंबर। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी "एक देश, एक चुनाव" को लेकर वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा एक-दो दिनों में लाये जाने वाले विधेयक का स्वागत करेगी। मायावती ने कहा कि बसपा गरीब व मजलूमों की ही पार्टी है और इस पार्टी के संगठन व चुनाव आदि भी इन्ही के ही बलबूते चलाये व लड़े जाते हैं। बसपा इसके लिए कांग्रेस, भाजपा व अन्य दलों की तरह यहाँ बड़े-बड़े पूँजीपतियों व धन्नासेठों आदि से कोई भी आर्थिक मदद नहीं लेती है। ऐसे में एक साथ चुनाव होने से फिर हमारी पार्टी पर इन सब मामलों में खर्चे का बहुत कम बोझ पड़ेगा। साथ ही इससे जल्दी-जल्दी चुनाव आचार संहिता ना लगने की वजह से भी जनहित के कार्य ज्यादा नहीं रूकेंगे।

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर द्वारा निर्मित भारतीय संविधान की 75 वर्षों की गौरव यात्रा पर इस वर्ष भी संसद में काफी गरम चर्चा चल रही है मगर सच्चाई यह है कि देश पर अब तक राज करने वाली पार्टियों ने संविधान पर सही से अमल करने के मामले में अपनी सच्ची निष्ठा, ईमानदारी व देशभक्ति अगर निभाई होती तो फिर अपने देश का हाल आज इतना बदहाल नहीं होता कि यहाँ लगभग 80 करोड़ लोगों को रोजगार के अभाव में अपनी भूख मिटाने के लिए थोड़े से सरकारी अनाज के लिए मोहताज होकर जीवन गुजारने को मजबूर नही होना पड़ता।

मायावती ने कहा कि संसद में संविधान को लेकर विशेष चर्चा में कांग्रेस और भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप तथा "हम से ज़्यादा तुम दोषी" जैसी संकीर्ण राजनीति का स्वार्थ ज्यादा हावी नज़र आता है।

जातिवादी व संकीर्ण मानसिकता रखने वाली पार्टियों से भी अब कोई ज्यादा उम्मीद नहीं रखनी चाहिये। दलित और पिछड़े वर्ग के मतदाताओं को लुभाने के लिए कांग्रेस व समाजवादी पार्टी ने आरक्षण को लेकर काफी कुछ हवा-हवाई बातें कही हैं, जिसमें रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है।

# 25 लाख के पांच इनामी नक्सलियों का आत्मसमर्पण

सुकमा, 15 दिसंबर। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में रविवार को सुकमा पुलिस को बड़ी सफलता मिली जब 25 लाख के पांच इनामी हार्डकोर नक्सलियों ने एसपी के सामने समर्पण कर दिया। सुकमा जिला क्षेत्र में नक्सल संगठन में सक्रिय एक नक्सल दम्पति सहित कुल पांच हार्डकोर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पित एक महिला, एक पुरूष नक्सली पर आठ-आठ लाख, एक पुरूष नक्सली पर पांच लाख एवं दो महिला नक्सलियों पर दो-दो लाख रुपये, यानी कुल 25 लाख रुपये के ईनाम घोषित हैं। छत्तीसगढ़ शासन की "छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति" एवं "नियद नेल्ला नार" योजना से प्रभावित होकर इन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया।

# अमित शाह ने छत्तीसगढ़ पुलिस को राष्ट्रपति निशान सौंपा

## यह सम्मान छत्तीसगढ़ पुलिस को 24 वर्ष की असाधारण सेवाओं, बहादुरी व कर्त्तव्य परायणता के लिये दिया गया

रायपुर, 15 दिसंबर। छत्तीसगढ़ और राज्य पुलिस के लिए रविवार का दिन ऐतिहासिक था। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में राज्य की पुलिस को राष्ट्रपति निशान (पुलिस कलर्स अवॉर्ड-2024) सौंपा। यह देश के सशस्त्र बलों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। विगत 24 वर्षों में छत्तीसगढ़ पुलिस की असाधारण सेवाओं, बहादुरी और कर्तव्यपरायणता के लिए राज्य को यह सम्मान मिला है। छत्तीसगढ़ यह सम्मान हासिल करने वाला देश का सबसे युवा राज्य है, जिसने अपने गठन के मात्र 24 वर्षों में ही यह उपलब्धि हासिल की है।

शाह ने राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह में छत्तीसगढ़ पुलिस को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रपति का पुलिस कलर्स अवॉर्ड केवल एक सम्मान नहीं है, यह सेवा और कर्तव्य का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ पुलिस ने नक्सलवाद, संगठित अपराध और मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में जो साहस और प्रतिबद्धता दिखाई है, वह अभूतपूर्व है।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस देश के सर्वश्रेष्ठ और बहादुर पुलिस बलों में से एक बनकर उभरा है। केंद्र और राज्य सरकार छत्तीसगढ़ और देश को नक्सलमुक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आगामी 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ और देश से नक्सलवाद का पूर्णतः खात्मा हो जाएगा।

शाह ने छत्तीसगढ़ पुलिस की तारीफ करते हुए कहा कि इसने न केवल कानून और व्यवस्था को बनाए रखा है, बल्कि जनता के विश्वास को भी मजबूत किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राष्ट्रपति का पुलिस कलर्स अवॉर्ड पुलिस बल के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा, उनका हौसला और मनोबल बढ़ाएगा।

शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जांबाज़ पुलिस को राष्ट्रपति निशान सौंपना मेरे लिए भी गर्व की बात है। यह सम्मान छत्तीसगढ़ की पुलिस की कड़ी मेहनत, समर्पण और जनता के प्रति लगाव का द्योतक है। छत्तीसगढ़ की पुलिस नक्सलियों के ताबूत में आखिरी कील ठोंकने की तैयारी में है। यहां की पुलिस ने कानून-व्यवस्था और नक्सल मोर्च के साथ ही कोरोना महामारी में भी बहुत अच्छा काम किया है। उन्होंने नक्सलियों से हथियार छोड़कर मुख्य धारा में लौटने की अपील की।

- **केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार छत्तीसगढ़ व देश को नक्सलमुक्त बनाने के लिये प्रतिबद्ध है। आगामी 31 मार्च 2025 तक छत्तीसगढ़ व देश से नक्सलवाद का पूर्णतया खात्मा हो जायेगा।**

समारोह में शाह ने देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल को आज उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने देश को एकता के सूत्र में पिरोने का जो कार्य किया, उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुच्छेद-370 को हटाकर और मजबूत किया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ पुलिस के जवानों और अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के केवल 24 वर्षों में हमारे पुलिस बल को उनकी असाधारण सेवाओं और जनता के प्रति समर्पण के लिए मिला है। यह सम्मान न केवल पुलिस बल के मनोबल को बढ़ाएगा, बल्कि उन्हें और अधिक उत्साह के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा।

मुख्यमंत्री ने एंटी-नक्सल ऑपरेशनों में छत्तीसगढ़ पुलिस की सफलता पर कहा कि बड़ी संख्या में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्य धारा में लौटने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि सरकार ने आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास की बेहतर व्यवस्था और विशेष प्रावधान किए हैं। भारत सरकार की नीति के अनुरूप हिंसा का रास्ता छोड़ आत्मसमर्पण करने वालों को तत्काल ट्रांज़िट कैम्प में रखने की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही उन्हें तीन साल तक 10 हजार रुपए प्रतिमाह स्टाइपैंड के तौर पर देने की व्यवस्था की गई है। उनके कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। साय ने कहा कि पुनर्वास नीति के तहत पांच लाख या उससे अधिक के इनामी माओवादी के आत्मसमर्पण करने पर उन्हें आवास हेतु शहरी क्षेत्र में अधिकतम चार डिसमिल जमीन या ग्रामीण क्षेत्र में अधिकतम एक हेक्टेयर कृषि भूमि दिए जाने का प्रावधान किया गया है। प्रदेश के आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और उन्हें सुरक्षित जीवन प्रदान करने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार द्वारा इनके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 15,000 पक्के आवास स्वीकृत किए गए हैं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908